गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स

चर्चा में क्यों?

18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित **ET गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स** में **उत्तर प्रदेश** को [डिजिटल गवर्नेंस](#) की विभिन्न श्रेणियों में **5 पुरस्कार** प्रदान किये गये।

मुख्य बिंदु

- **उत्तर प्रदेश को प्राप्त पुरस्कार हैं-**
  - सार्वजनिक सेवाओं में [AI /ML, डेटा एनालिटिक्स](#) और उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग
    - **प्राप्तकर्त्ता:** प्रयागराज [स्मार्ट सिटी](#) लिमिटेड और यूपी पुलिस
    - **कारण: महाकुंभ 2025** के दौरान **एआई-आधारित निगरानी और भीड़ प्रबंधन प्रणाली** के उपयोग के लिये।
  - **स्मार्ट मोबिलिटी और परिवहन प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्टता**
    - **प्राप्तकर्त्ता:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC)
    - **कारण:** यूपी-112 के साथ **Vehicle Location Tracking Device** (VLTD) **और पैनिक बटन** के माध्यम से **व्यापक सुरक्षा** सुनिश्चित करने के लिये
  - **इनोवेटिव डिजिटल हेल्थ सर्विसेज और पब्लिक हेल्थ डेटा एनालिटिक्स**
    - **प्राप्तकर्त्ता:** हमीरपुर ज़िला प्रशासन
    - **कारण:** 'प्रोजेक्ट जागृति: [टीबी मुक्त](#) **हमीरपुर**' पहल के लिये।
  - **सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने में डिजिटल प्रौद्योगिकी का अभिनव उपयोग**
    - **प्राप्तकर्त्ता:** यूपी डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPDESCO)
    - **कारण:** [स्वामी विवेकानंद](#) **युवा सशक्तीकरण योजना** के तहत डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के लिये।
  - **डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार**
    - **प्राप्तकर्त्ता:** उत्तर प्रदेश सरकार
    - **कारण:** विभिन्न डिजिटल पहलों और तकनीकी उन्नयन के जरिये प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाने के लिये।
- **गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स**
  - **इकोनॉमिक टाइम्स (ET) गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स** को **केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** का समर्थन प्राप्त है।
  - ये पुरस्कार उन अग्रदूतों को प्रदान किये जाते हैं, जिन्होंने **सार्वजनिक सेवाओं में डिजिटल परिवर्तन** को दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - इस समारोह में **पूरे भारत से 30 विजेताओं** को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में **गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा, केरल, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा** सहित कई राज्यों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये।

डिजिटल गवर्नेंस के बारे में:

- **परिचय**
  - **डिजिटल गवर्नेंस** किसी संगठन की **डिजिटल उपस्थिति** के लिये **जवाबदेही, भूमिकाएँ और निर्णय लेने का अधिकार** स्थापित करने का एक **ढाँचा** है।
  - इसमें संगठन की **वेबसाइटें, मोबाइल साइट्स, सोशल मीडिया चैनल** और अन्य **इंटरनेट-आधारित सेवाएँ** शामिल होती हैं।
- **महत्त्व**
  - [डिजिटल गवर्नेंस](#) संगठनों में **स्पष्ट निर्णय प्रक्रिया** सुनिश्चित करता है।

- यह **प्रभावी प्रबंधन** द्वारा डिज़ाइन, सामग्री, तकनीकी अवसंरचना, सुरक्षा और वित्तपोषण में समन्वय स्थापित करता है।
- एक मजबूत **गवर्नेंस ढाँचा** संगठन की डिजिटल उपस्थिति को लेकर अनावश्यक **वाद-विवाद को कम** करता है और **बेहतर सेवाओं, मज़बूत संगठनात्मक प्रदर्शन तथा प्रभावी ग्राहक अनुभव** के जरिये **जनता के विश्वास** को बढ़ाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-digitech-awards